Sl Code: 211

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2018 (ANNUAL)

# SOCIAL SCIENCE

## सामाजिक विज्ञान

कुल प्रश्नों की संख्या: 63
**Total No. of Questions: 63**

(समय: 2 घंटे 45 मिनट)
[Time: 2 Hrs. 45 Minutes]

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 16
**Total No. of Printed Pages: 16**

(पूर्णांक: 80)
[Full Marks: 80]

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश–**

**Instructions for the candidates:**

1. परीक्षार्थी यथा सम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
   Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
   Figures in the right hand margin indicate full marks.
3. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द–सीमा का ध्यान रखें।
   While answering the questions, candidate should adhere to the word limit as far as practicable.
4. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
   15 Minutes of extra time has been allotted for the candidates to read the questions carefully
5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड – अ एवं खण्ड – ब।
   This question paper is divided into two sections – **Section - A** and **Section - B**.
6. **खण्ड - अ में 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं**, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये **OMR – शीट** में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पत्रिका में प्रयोग करना मना है, अथवा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
   In **Section – A**, there are **40 objective type questions** which are compulsory, each carrying **1 mark**. Darken the circle with blue/black ball pen against the correct option on OMR Sheet provided to you. **Do not use Whitener/Liquid/Blade/Nail on OMR Paper, otherwise the result will be invalid.**
7. **खण्ड – ब** में सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत कुल 5 विषयों के **19 लघु उत्तरीय प्रश्न** हैं। (प्रत्येक के लिए **2 अंक** निर्धारित हैं)।

   इतिहास में कुल **5 प्रश्न (Q.1 to Q.5)** है जिसमें से **किन्हीं 3 प्रश्नों** का उत्तर दें।
   राजनीति विज्ञान में कुल **3 प्रश्न (Q.7 to Q.9)** है जिसमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों** का उत्तर दें।
   अर्थशास्त्र में कुल **3 प्रश्न (Q.11 to Q.13)** है जिसमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों** का उत्तर दें।
   भूगोल में कुल **5 प्रश्न (Q.15 to Q.19)** है जिसमें से **किन्हीं 3 प्रश्नों** का उत्तर दें।
   आपदा प्रबंधन में कुल **3 प्रश्न (Q.21 to Q.23)** है जिसमें से **किन्हीं 2 प्रश्नों** का उत्तर दें।

   इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में **4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Q.6, Q.10, Q.14 and Q.20)** दिये गये है (प्रत्येक के लिए **4 अंक** निर्धारित हैं।) प्रत्येक प्रश्न के लिए विकल्प (अथवा के रूप) में एक और प्रश्न दिया गया है



https://examsnotesandpapers.com/

*In Section - B, there are 19 short answer type questions of 5 subjects under Social Science (each carrying 2 marks) as below*

*History has 5 questions (Q.1 to Q.5), out of which any 3 questions to be answered*
*Political Science has 3 questions (Q.7 to Q.9), out of which any 2 questions to be answered.*
*Economics has 3 questions (Q.11 to Q.13), out of which any 2 questions to be answered.*
*Geography has 5 questions (Q.15 to Q.19), out of which any 3 questions to be answered.*
*Disaster Management has 3 questions (Q.21 to Q.23), out of which any 2 questions to be answered*

*Apart from this, there are 4 Long Answer Type questions (Q.6, Q.10, Q.14 and Q.20). Each Carrying 4 marks. Each question has an alternate option.*

8 किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

## खण्ड – अ / SECTION – A

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions)

**इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं आपदा प्रबंधन**

**History, Geography, Political Science, Economics and Disaster Management**

**निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से विकल्प चुनें।** **(40X1=40)**

**Select the correct alternative out of following multiple choice questions.**

1. ब्रेस्ट लिटोवस्क की संधि किन देशों के बीच हुई थी?

(A) रूस और इटली (B) रूस और फ्रांस

(C) रूस और इंग्लैंड (D) रूस और जर्मनी

Between which countries, the treaty of Brest Litovsk took place?

(A) Russia and Italy (B) Russia and France

(C) Russia and England (D) Russia and Germany

2. मार्च 1946 में फ्रांस तथा वियतनाम के बीच होने वाला समझौता किस नाम से जाना जाता है?

(A) तिंतसीन (B) कैंटन

(C) हो–ची–मिन्ह (D) इनमें से कोई नहीं

By which name the treaty between France and Vietnam in March 1946 is known?

(A) Tientsin (B) Canton

(C) Ho-Chi-Minh (D) None of these



https://examsnotesandpapers.com/

3. पूर्ण स्वराज्य की मांग का प्रस्ताव कॉंग्रेस के किस वार्षिक अधिवेशन में पारित हुआ?

(A) 1929, लाहौर
(B) 1933, कलकत्ता
(C) 1931, करांची
(D) 1924 बेलगाम

In which annual session of congress, the proposal for demand of complete independence was passed?

(A) 1929, Lahore
(B) 1933, Kolkata
(C) 1931, Karachi
(D) 1924, Belgaum

4. वल्लभ भाई पटेल को "सरदार" की उपाधि किस "किसान आन्दोलन" के दौरान दी गई?

(A) बारदोली
(B) अहमदाबाद
(C) खेडा
(D) चम्पारण

During which "Peasant Movement" the title of "Sardar" was given to Vallabh Bhai Patel?

(A) Bardoli
(B) Ahmedabad
(C) Kheda
(D) Champaran

5. भारत के लिए पहला फैक्ट्री एक्ट कब पारित हुआ?

(A) 1838
(B) 1858
(C) 1881
(D) 1911

When was the first "Factory Act" passed in India?

(A) 1838
(B) 1858
(C) 1881
(D) 1911

6. पूंजीपति वर्ग के द्वारा किस वर्ग का शोषण हुआ?

(A) श्रमिक वर्ग
(B) मध्यम वर्ग
(C) कृषक वर्ग
(D) सभी वर्ग

Which class of society was exploited by the capitalist class?

(A) Labour class
(B) Middle class
(C) Peasant class
(D) All classes



https://examsnotesandpapers.com/

7. आधुनिक युग में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में होने वाली सबसे बड़ी क्रांति कौन सी थी?

(A) वाणिज्यिक क्रांति (B) औद्योगिक क्रांति

(C) साम्यवादी क्रांति (D) भौगोलिक खोज

In modern era, which was the biggest revolution in the field of economy?

(A) Commercial Revolution (B) Industrial Revolution

(C) Communist Revolution (D) Geographical Discoveries

8. भूमंडलीकरण की शुरूआत किस दशक में हुई?

(A) 1990 के दशक में (B) 1960 के दशक में

(C) 1970 के दशक में (D) 1980 के दशक में

In which decade, globalisation was initiated?

(A) Decade of 1990 (B) Decade of 1960

(C) Decade of 1970 (D) Decade of 1980

9. गुटेनबर्ग ने सर्वप्रथम किस पुस्तक की छपाई की?

(A) कुरान (B) गीता

(C) हदीस (D) बाइबिल

Which book was first printed by Gutenberg?

(A) The Quran (B) The Geeta

(C) The Hadis (D) The Bible

10. विश्व में सर्वप्रथम मुद्रण की शुरूआत कहाँ हुई?

(A) भारत (B) जापान

(C) चीन (D) अमेरिका

Where was the very first printing started in the world?

(A) India (B) Japan

(C) China (D) America

11. मेंढ़क के प्रजनन प्रक्रिया को बाधित करने वाला रसायन कौन सा है?

(A) बेंजीन (B) यूरिया

(C) एंड्रिन (D) फॉस्फोरस

Which of the following chemicals is responsible for damaging of breading process in Frogs?

(A) Benzene (B) Urea

(C) Andrin (D) Phosphorus



https://examsnotesandpapers.com/

12. बिहार में अति जल– दोहन से भूमिगत जल में किस तत्व का संकेन्द्रण बढ़ा है?

(A) फ्लोराइड
(B) क्लोराइड
(C) आर्सेनिक
(D) लौह

Concentration of which of the following element has increased in water because of excessive exploitation of underground water in Bihar.

(A) Fluoride
(B) Chloride
(C) Arsenic
(D) Iron

13. संविधान की धारा 21 का संबंध है–

(A) वन्य जीवों तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से
(B) मृदा संरक्षण से
(C) जल–संसाधन संरक्षण से
(D) खनिज सम्पदा संरक्षण से

Article 21 of the Indian Constitution relates to which of the following?

(A) Conservation of wild life and natural resources.
(B) Conservation of soil.
(C) Conservation of water resources
(D) Conservation of mineral resources

14. बिहार के कितने प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में वन का फैलाव है?

(A) 15
(B) 20
(C) 10
(D) 7

What percent of geographical area in Bihar is under forest cover?

(A) 15
(B) 20
(C) 10
(D) 7

15. एल्यूमिनियम बनाने के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है?

(A) मैंग्नीज
(B) टिन
(C) लोहा
(D) बॉक्साइट

Which of the following minerals are used to manufacture aluminium?

(A) Manganese
(B) Tin
(C) Iron
(D) Bauxite



https://examsnotesandpapers.com/

16. भारत के किस राज्य में सौर ऊर्जा के विकास की सर्वाधिक संभावनाएँ है?

(A) असम (B) अरूणाचल प्रदेश

(C) राजस्थान (D) मेघालय

Which of the Indian state has maximum possibilities for the development of Solar Energy?

(A) Assam (B) Arunachal Pradesh

(C) Rajasthan (D) Meghalaya

17. निम्नलिखित में से कौन छोटे पैमाने का उद्योग है?

(A) चीनी उद्योग (B) कागज उद्योग

(C) खिलौना उद्योग (D) विद्युत उपकरण उद्योग

Which one of the following is a small scale industry?

(A) Sugar industry (B) Paper industry

(C) Toy industry (D) Electric equipments industry

18. देश में कितने विशेष आर्थिक क्षेत्र विकसित है?

BiharPaper.com

(A) 10 (B) 7

(C) 15 (D) 5

How many Special Economic Zones (SEZ) are there in the country?

(A) 10 (B) 7

(C) 15 (D) 5

19. बिहार की सीमा में रेलमार्ग की कुल लम्बाई कितनी है?

(A) 6283 कि.मी. (B) 5283 कि.मी.

(C) 7283 कि.मी. (D) 8500 कि.मी.

What is the total length of railway lines in Bihar?

(A) 6283km (B) 5283km

(C) 7283km (D) 8500km

https://examsnotesandpapers.com



https://examsnotesandpapers.com/

20. तल-चिन्ह की सहायता से किसी स्थान विशेष की मापी गई ऊँचाई को क्या कहा जाता है?

(A) स्थानिक ऊँचाई
(B) विशेष ऊँचाई
(C) समोच्च रेखा
(D) त्रिकोणमितीय स्टेशन

The measurement of the height of a particular place with the help of bench mark, is known as -

(A) Spot height
(B) Special height
(C) Contour line
(D) Trigonometric station

21. जब हम लैंगिक विभाजन की बात करते हैं तो हमारा अभिप्राय होता है-

(A) स्त्री और पुरुष के बीच जैविक अंतर,
(B) समाज द्वारा स्त्रियों और पुरुषों को दी गई असमान भूमिकाएँ
(C) बालक और बालिकाओं की संख्या का अनुपात,
(D) लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं मे महिलाओं को मतदान का अधिकार न मिलना।

What do you mean by sexual division?

(A) Biological difference between male and female.
(B) The unequal roles given to male and female by the society.
(C) Ratio of male and female child.
(D) Female deprived of voting rights in democratic systems.

22. भारतीय संविधान के बारे में इनमें से कौन सा कथन सही है –

(A) यह धर्म के आधार पर भेदभाव की मनाही करता है।
(B) यह एक धर्म को राजकीय धर्म बनाता है।
(C) लोगो को कोई भी धर्म मानने की आजादी नही है।
(D) महिलाओं को मतदान के अधिकार का अभाव।

Which of the following is true according to Indian Constitution?

(A) It prohibits discrimination on the basis of religion.
(B) It makes one religion as state religion.
(C) People are not free to accept any religion.
(D) Lack of voting right to women.



https://examsnotesandpapers.com/

23. सत्ता में साझेदारी सही है क्योंकि–

(A) यह विविधता को अपने मे समेट लेती है।

(B) देश की एकता को कमजोर करती है।

(C) फैसले लेने में देरी कराती है।

(D) विभिन्न समुदायों के बीच टकराव कम करती है।

Sharing of power is right because -

(A) It contains the diversity in itself.

(B) It weakens the unity of country.

(C) It delays the process of decision taking.

(D) It minimises the confrontation among different communities.

24. वर्ष 1975 भारतीय राजनीति में किस लिए जाना जाता है?

(A) इस वर्ष आम चुनाव हुए थे।

(B) श्रीमति इंदिरा गाँधी प्रधानमंत्री बनी थीं।

(C) देश में आपातकाल लागू हुआ था।

(D) जनता पार्टी की सरकार बनी थी।

Why the year 1975 is well known in Indian politics?

(A) General elections were held that year.

(B) Smt. Indira Gandhi became Prime Minister.

(C) Emergency was declared in the country.

(D) The Government was formed by Janata Party.

25. बिहार मे संपूर्ण क्रांति का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया?

(A) मोरारजी देसाई (B) नीतीश कुमार

(C) इंदिरा गाँधी (D) जयप्रकाश नारायण

Who lead the Sampoorna Kranti in Bihar?

(A) Morarji Desai (B) Nitish Kumar

(C) Indira Gandhi (D) Jayprakash Narayan



https://examsnotesandpapers.com/

26. "नर्मदा घाटी परियोजना" किन राज्यों से संबंधित है?

(A) बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश (B) तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक

(C) प. बंगाल, उत्तरप्रदेश, पंजाब (D) गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश

To which states is "Narmada Valley Project" related?

(A) Bihar, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh.

(B) Tamilnadu, Kerala, Karnataka.

(C) West Bengal, Uttar Pradesh, Punjab.

(D) Gujarat, Maharashtra, Madhya Pradesh

27. निम्नलिखित में से किसे लोकतंत्र का प्राण माना जाता है?

(A) सरकार (B) न्यायपालिका

(C) संविधान (D) राजनीतिक दल

Which one of these is supposed as "Life of democracy"?

(A) Government (B) Judiciary

(C) Constitution (D) Political Party

28. दल-बदल कानून निम्नलिखित में से किस पर लागू होता है?

(A) सांसदों और विधायकों पर (B) राष्ट्रपति पर

(C) उपराष्ट्रपति पर (D) इनमें से सभी पर

Anti defection law is applicable on - BiharPaper.com

(A) MP and MLA (B) President

(C) Vice President (D) All of these

29. जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी का गठन कब हुआ?

(A) 1992 (B) 1999

(C) 2003 (D) 2004

When was the Janta dal (United) constituted?

(A) 1992 (B) 1999

(C) 2003 (D) 2004

30. निम्न में से कौन अर्थ व्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र में सम्मिलित है?

(A) सेवा क्षेत्र (B) कृषि क्षेत्र

(C) औद्योगिक क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following is included in the primary sector of the economy?

(A) Service sector (B) Agriculture sector

(C) Industrial sector (D) None of these



https://examsnotesandpapers.com/

31. जिस देश की प्रति व्यक्ति आय अधिक होती है, वह देश कहलाता है-

(A) अविकसित (B) विकसित

(C) अर्द्ध विकसित (D) इनमें से कोई नहीं

The country whose per capita income is high, is called -

(A) Undeveloped (B) Developed

(C) Semi-developed (D) None of these

32. बिहार के किस जिले की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है?

(A) पटना (B) गया

(C) शिवहर (D) नालंदा

Which district of Bihar has highest per capita income?

(A) Patna (B) Gaya

(C) Sheohar (D) Nalanda

33. भारत का केन्द्रीय बैंक कौन सा है?

(A) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (B) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

(C) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (D) पंजाब नेशनल बैंक

Which is the Central Bank of India?

(A) Reserve Bank of India (B) State Bank of India

(C) Regional Rural Bank (D) Punjab National Bank

34. व्यावसायिक बैंकों का सर्वप्रथम राष्ट्रीयकरण कब किया गया?

(A) 1966 (B) 1980

(C) 1969 (D) 1975

When commercial banks were first nationalised?

(A) 1966 (B) 1980

(C) 1969 (D) 1975

35. ऊर्जा के मुख्य स्त्रोत क्या है?

(A) कोयला (B) पेट्रोलियम

(C) विद्युत (D) इनमें से सभी

What are the main sources of energy?

(A) Coal (B) Petroleum

(C) Electricity (D) All of these


https://examsnotesandpapers.com/

36. इनमें से कौन सी बहुराष्ट्रीय कम्पनी है?

(A) फोर्ड मोटर्स
(B) सैमसंग
(C) कोका–कोला
(D) इनमें से सभी

Which of these is a multinational company?

(A) Ford Motors
(B) Samsung
(C) Coca-Cola
(D) All of these

37. उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 17 मार्च
(B) 15 मार्च
(C) 19 अप्रैल
(D) 22 अप्रैल

When is Consumer Rights Day celebrated?

(A) 17 March
(B) 15 March
(C) 19 April
(D) 22 April

38. यदि किसी वस्तु या सेवा का मूल्य 20 लाख से अधिक तथा 1 करोड़ से कम है तो उपभोक्ता कहाँ शिकायत कर सकता है?

(A) जिला फोरम
(B) राज्य आयोग
(C) राष्ट्रीय आयोग
(D) इनमें से कहीं नहीं

What is the forum of complain for consumers if the price of any commodity or service is more than 20lakhs and below 1Crore?

(A) District forum
(B) State commission
(C) National commission
(D) None of these

39. सुनामी का प्रमुख कारण क्या है?

(A) समुद्र में भूकम्प का आना
(B) द्वीप पर भूकम्प का आना
(C) स्थलीय क्षेत्र पर भूकंप का आना
(D) इनमें से कोई नहीं

What is the main cause of Tsunami?

(A) Earth quake in sea
(B) Earthquake on Island
(C) Earthquake on land areas
(D) None of these

40. भूकम्प केन्द्र के उर्ध्वाधर पृथ्वी पर स्थित केन्द्र को क्या कहा जाता है?

(A) भूकम्प केन्द्र
(B) अधिकेन्द्र
(C) केन्द्र
(D) इनमें से कोई नहीं

The point on earth vertically above the Earthquake centre is called -

(A) Earth quake Centre
(B) Epi- Centre
(C) Centre
(D) None of these



https://examsnotesandpapers.com/

## खण्ड – ब / SECTION – B

## इतिहास / HISTORY

*निर्देश:–*

*प्रश्न संख्या 1 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर दें।* *(कुल अंक 3×2=6)*

***Instruction:-***

***Question no. 1 to 5 is short answer type. Answer any 3 questions. (Total marks 3×2=6)***

1. असहयोग आन्दोलन जन आन्दोलन था, कैसे? (2)

   Non – cooperation movement was a public movement. how?

2. कोयला एवं लौह–उद्योग ने औद्योगीकरण को गति प्रदान की, कैसे? (2)

   How coal and Iron industries triggered industrialisation?

3. शहरों ने किन नई समस्याओं को जन्म दिया? (2)

   What new problems were emerged by towns?

4. औद्योगिक क्रांति ने किस तरह विश्व–बाजार के स्वरूप को विस्तृत किया?

   How industrial revolution expanded the nature of world market?

5. गुटेनबर्ग ने मुद्रणयंत्र का विकास कैसे किया?

   How Gutenberg developed the printing machine?

*निर्देश:–*

*प्रश्न संख्या 6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जो अनिवार्य है, इसमें एक विकल्प भी है।* *(कुल अंक 4×1=4)*

***Question no. 6 is Long answer question which is compulsory, it has an alternative question.*** ***(Total marks 4×1=4)***

6. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में गाँधी जी के योगदान की विवेचना करें। (4)

   Discuss the contribution of Gandhiji towards Indian National movement.

**अथवा / OR**

1929 के आर्थिक संकट के कारण एवं परिणामों को स्पष्ट करें।

Describe the causes and consequences of economic crisis of 1929.



https://examsnotesandpapers.com/

## राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE

*निर्देश :–*

***प्रश्न संख्या 7 से 9 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो का उत्तर दें। (कुल अंक 2×2=4)***

***Instruction:-***

***Question no. 7 to 9 is short answer type. Answer any 2 questions. (Total marks 2×2=4)***

7. किन्हीं दो प्रावधानो का जिक्र करें जो भारत को धर्म-निरपेक्ष देश बनाता है? (2)

   State any two provisions which make India a secular country.

8. सत्ता की साझेदारी के अलग-अलग तरीके क्या हैं? (2)

   What are the different types of sharing of power

9. शिक्षा का अभाव लोकतंत्र के लिए चुनौती है? स्पष्ट करें। (2)

   Lack of education is a challenge to democracy? Explain.

*निर्देश:–*

***प्रश्न संख्या 10 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जो अनिवार्य है, इसमें 1 विकल्प भी है। (कुल अंक 4×1=4)***

***Question no. 10 is Long answer type which is compulsory, 1 alternative is also given to the question. (Total marks 4×1=4)***

10. राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों की मान्यता कौन प्रदान करते हैं और इसके मापदंड क्या है? (4)

    Who provides recognition to national and state level political parties and what are the criterions for it?

**अथवा /OR**

न्यायपालिका की भूमिका लोकतंत्र की चुनौती है। कैसे?इसे सुधारने के क्या उपाय हैं?

How the role of judiciary is a challenge to democracy? What are the measures for its improvement?



https://examsnotesandpapers.com/

## अर्थशास्त्र

## ECONOMICS

*निर्देश:–*

***प्रश्न संख्या 11 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो का उत्तर दें। (कुल अंक 2x2=4)***

***Instruction:-***

***Question no. 11 to 13 is short answer type. Answer any 2 questions. (Total marks 2x2=4)***

11. आर्थिक नियोजन क्या है? संक्षेप मे व्याख्या करें। (2)

What is economic planning? Discuss in brief?

12. क्रेडिट कार्ड क्या है? (2)

What is Credit Card?

13. वैश्वीकरण से आप क्या समझते है? (2)

What do you understand by Globalisation?

*निर्देश:–*

***प्रश्न संख्या 14 एक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जो अनिवार्य है. इसमें 1 विकल्प भी है।***

***Question no. 14 is Long answer question which is compulsory. 1 alternative is also given to the question.***

14. गैर – सरकारी संस्थाऐं किस प्रकार सेवा क्षेत्र के विकास को सहयोग करती है, उदाहरण के साथ लिखें। (4)

Explain with example, how non- government organisation (NGO) contributes towards the development of service sector?

**अथवा /OR**

"उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986" की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें।

Describe the main features of "Consumer Protection Act 1986."



https://examsnotesandpapers.com/

# भूगोल
# GEOGRAPHY

***निर्देश:-***

***प्रश्न संख्या 15 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 3 का उत्तर देना अनिवार्य है।*** ***(कुल अंक 3×2=6)***

***Instruction:-***

***Question no. 15 to 19 is short answer type. Answer any 3 questions.*** ***(Total marks 3×2=6)***

15. भारत के किन भागों में नदी डेल्टा का विकास हुआ है? **(2)**

    In which part of India, River delta have been found?

16. चिपको आंदोलन का वर्णन करें। **(2)**

    What is "Chipko Movement"? Explain.

17. खनिजों के संरक्षण एवं प्रबंधन से आप क्या समझते है? **(2)**

    What do you mean by conservation and management of minerals?

18. सौर-ऊर्जा का उत्पादन कैसे होता है? **(2)**

    How solar energy is produced?

19. भारत मे सड़कों के प्रादेशिक वितरण का वर्णन प्रस्तुत कीजिए। **(2)**

    Discuss the regional distribution of roads in India.

***निर्देश:-***

***प्रश्न संख्या 20 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जो अनिवार्य है, इसमें एक विकल्प भी है।*** ***(कुल अंक 4×1=4)***

***Instruction:-***

***Question no. 20 is long answer type which is compulsory. 1 alternative is also given to the question.*** ***(Total marks 4×1=4)***

20. भारत में सूचना और प्रौद्योगिकी उद्योग का विवरण दीजिए। **(4)**

    Discuss the Information and Technology industry in India?

**अथवा/OR**

समोच्च रेखा क्या है? इसके द्वारा विभिन्न प्रकार के ढालो का प्रदर्शन किस प्रकार किया जाता है, किन्हीं पाँच का सोदाहरण वर्णन करें।

What are contour lines? How the slopes are demonstrated with the help of contour lines. Draw any five types.



https://examsnotesandpapers.com/

## आपदा प्रबंधन

# DISASTER MANAGEMENT

*निर्देश–*

***प्रश्न संख्या 21 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 2 का उत्तर देना अनिवार्य है।***

***(कुल अंक 2×2=4)***

***Instruction:-***

***Question no. 21 to 23 is short answer type. Answer any 2 questions.. (Total marks 2×2=4)***

21. सुखाड़ से बचाव के तरीको का उल्लेख करे। (2)

    Discus the measures to prevent drought.

22. सुनामी से उत्पन्न तबाही से बचाव के कोई तीन उपाय बताइये। (2)

    Explain any three measures to minimize the devastation caused by Tsunami.

23. आकस्मिक आपदा प्रबंधन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका का वर्णन करें। (2)

    Discuss the role of Local administration in the management of sudden disaster.

--------------------------------



https://examsnotesandpapers.com/